# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : ...दीक्षांत/2018/7  दिनांक : 5/2/18

## //निर्देश//

विश्वविद्यालय में जैसा कि, आपको ज्ञात है विश्वविद्यालय का वार्षिक दीक्षांत समारोह 2018 दिनांक 11 फरवरी, 2018 रविवार को संपन्न होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की भव्यता एवं गरिमा बनाये रखने के लिये निवेदन है कि, निम्नांकित निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें:–

1) कार्यक्रम में भारतीय परिधान (पुरूषों के लिये सफेद कुर्ता–पजामा तथा महिलाओं के लिये सफेद सूट अथवा सफेद साड़ी जिसका बॉर्डर लाल रंग का हो) धारण करना अनिवार्य है। **सभी सदस्यों का माप अलग–अलग होने के कारण कुर्ता–पजामा/सूट इत्यादि विश्वविद्यालय की ओर से दिया जाना संभव नहीं है।** अतः सभी समिति के सदस्य एवं उपाधिधारक उक्त परिधान घर से ही धारण करके आवे।
2) सभा, अकादमिक परिषद्, कार्य–परिषद्, संकायाध्यक्ष एवं उपाधि प्राप्त करने जा रहें छात्र–छात्राओं को निर्धारित रंग की जैकेट, उत्तरीय एवं पगड़ी धारण करना अनिवार्य रहेगा। यह सामग्री उन्हें प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति अध्ययनशाला भवन से मिलेगी।
3) उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सामग्री प्राप्त करने के लिये रूपये 400/– धरोहर राशि के रूप में जमा कराने होगे जो कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांग सामग्री जमा करने पर उन्हें वापस कर दिये जावेगे।
4) उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया परिचय–पत्र लाना होगा। यह परिचय–पत्र उन्हें प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति अध्ययनशाला भवन से प्राप्त होगा।
5) उपाधिधारक अपने साथ अधिकतम एक परिजन ला सकते है जिनके लिये भी उन्हें ''पास'' प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति अध्ययनशाला भवन से प्राप्त करना होगा। अतः वे अपने साथ परिजन का दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो एवं परिचय–पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्रायविंग लाइसेंस इत्यादि) साथ लेकर आवे।
6) कोई भी आगन्तुक या आमंत्रित महानुभाव दीक्षांत समारोह में अपना मोबाईल लेकर नहीं आयेगे।
7) सभी उपाधिधारक दिनांक 10/02/2018 को विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर गणवेश प्राप्त कर ले तथा अपरान्ह 03:00 बजे प्रस्तावित पूर्वाभ्यास में सम्मिलित होवे।
8) सभी आगन्तुक/उपाधिधारक दिनांक 11/02/2018 को अपरान्ह 01:00 बजे तक दीक्षांत हॉल में अपना–अपना स्थान ग्रहण कर लें। निर्धारित समय के पश्चात् उपस्थित होने वाले उपाधिधारकों को दीक्षांत हॉल में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
9) कार्यक्रम में शोभा यात्रा के आगमन से लेकर बाह्यगमन तक कोई भी महानुभाव हॉल में किसी प्रकार का मूवमेन्ट अथवा बातचीत नहीं करेंगे।
10) कार्यक्रम के समापन के पश्चात् शोभा यात्रा के हॉल से बाहर जाने के उपरान्त ही अपना स्थान छोड़ेगे तथा पूर्ण रूप से क्रमबद्ध तरीके से केन्टीन द्वार से बाहर जायेगे।

क्रमशः.......2

11) शोभा यात्रा के आगमन एवं निर्गमन के लिये मुख्य द्वार तथा छात्रा–छात्राओं तथा अन्य अतिथियों के आगमन एवं निर्गमन के लिये केन्टीन की ओर का प्रवेश द्वार निर्धारित है।

12) मीड़ियाकर्मियों के लिये हॉल में बांयी ओर आगे की पंक्ति आरक्षित है। कृपया कार्यक्रम के दौरान अपने निर्धारित स्थान पर रहते हुये मीड़िया कवरेज कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

13) वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थान पर ही करें।

14) उपाधि प्राप्त करने वाले एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की सूची जीवाजी विश्वविद्यालय की बेवसाईट **www.jiwaji.edu** पर अपलोड कर दी गई है। समस्त आवेदकों को आमंत्रण प्रेषित कर दिये गये है तथापि सूची में उल्लेखित आवेदक/पात्र छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वे दूरभाष संपर्क 0751–2442757(उपाधि), 2442786(परीक्षा–नियंत्रक), 2442801 (कुलसचिव) से संपर्क कर सकते है।

15) कार्यक्रम में मंच से सिर्फ पी0एचडी0, एमफिल एवं स्वर्ण पदकधारकों को ही उपाधि प्रदान की जावेगी।

16) स्नातकोत्तर उपाधिधारक हॉल में सामुहिक रूप से अपने स्थान पर खड़े होकर उपाधि प्राप्त करेंगे।

17) कुलपति जी द्वारा शपथ दिलाये जाने समय सभी उपाधिधारक अपने–अपने स्थान पर खड़े होकर शपथ दोहरावेंगे।

आदेशानुसार

**कुलसचिव**

प्रति,

1) माननीय सभा,
अकादमी परिषद्,
कार्य–परिषद् सदस्य,
संकायाध्यक्ष,
शिक्षक,
अधिकारी
एवं कर्मचारी,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

2) जीवाजी विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने जा रहें छात्र–छात्राऐं,

3) आमंत्रित अतिथिगण

प्रतिलिपि,

1) संपादक, स्थानीय समाचार–पत्रों की ओर इस निवेदन के साथ कि, उक्त सूचना निःशुल्क समाचार वृत्त के रूप में प्रसारित करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव**

दीक्षांत हेतु विश्वविद्यालय परिधान (जैकेट एवं उत्तरीय) के रंग

स्थायी समिति की उपसमिति द्वारा दीक्षांत समारोह हेतु वर्तमान प्रचलित वेशभूषा के स्थान पर निम्नानुसार विभिन्न रंगो के जाकेट एवं उत्तरीय प्रस्ताव प्रेषित किया है :-

1. मंचासीन महानुभावों के लिए – (कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य)

| | |
|---|---|
| जैकेट– ऑफ व्हाईट | उत्तरीय –गोल्डन |

2. कार्यपरिषद सदस्यों के लिए –

| | |
|---|---|
| जैकेट– यलोईश क्रीम | उत्तरीय –मेरून |

3. संकायाध्यक्षों के लिए –

| | |
|---|---|
| जैकेट– यलोईश क्रीम | उत्तरीय –रॉयल ब्ल्यू |

4 ऐकेडमिक कॉउसिल एवं मेम्बर आफ कोर्ट के लिए

| | |
|---|---|
| जैकेट– यलोईश क्रीम | उत्तरीय –ग्रे |

5. छात्र–छात्राओं के लिए –

| | |
|---|---|
| सभी विद्यार्थियों के लिए जैकेट– गोल्डन ब्राउन | उत्तरीय –पीएचडी एवं एमफिल के लिए क्रीम स्नातकोत्तर के लिए – लेमन यलो स्नातकों के लिए – ऑरेन्ज |

नोट :–(1) सभी उत्तरीय में दोनों तरफ संबंधित विश्वविद्यालय का मोनो अंकित किया जायेगा।

(2) उत्तरीय को जैकेट में बटन के द्वारा लगाया जायेगा

समन्वय समिति की 92 वीं बैठक में कम्प्यूटर ग्राफिक्स को देखकर दीक्षांत वेशभूषा पर निर्णय लिये जाने की सहमति व्यक्त की गई थी। कम्प्यूटर ग्राफिक्स तैयार न होने के कारण प्रकरण आगामी बैठक तक स्थगित किये जाने हेतु स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

**अनुशंसा –**

स्थायी समिति द्वारा प्रस्ताव पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि गठित उपसमिति द्वारा अपनी अनुशंसा दे दी गई है। उपसमिति का कार्य पूर्ण हो चुका है अतः उच्च शिक्षा विभाग कम्प्यूटर ग्राफिक्स तैयार कर विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करे। स्थायी समिति द्वारा प्रस्ताव से सहमति व्यक्त की गई।

प्रस्ताव समन्वय समिति की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत ।